टीबी की जांच करने वाली सीबीनाट मशीने भी करेगी कोविड-19 की जांच

District : dipr
Department :
VIP Person : General
Press Release
State News
Attached Document :
RK-28-04-2020-09.docx (http://103.203.138.54/news/206217/document/RK-28-04-2020-09.docx)

DESCRIPTION

टीबी की जांच करने वाली सीबीनाट मशीने भी करेगी कोविड-19 की जांच

जयपुर, 28 अप्रैल। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री डॉ. रघु शर्मा ने बताया कि राज्य में टीबी की जांच करने वाली सीबीनाट मशीन से भी कोविड-19 की जांच की जायेगी। सीबीनाट मशीन से कोविड-19 की जांच रिपोर्ट लगभग 1 घण्टे में मिल जाएगी।

डॉ. शर्मा ने बताया कि वैश्विक महामारी से निपटने और जल्दी जांच रिपोर्ट प्राप्त करने के लिए 8 सीबीनाट मशीनें विभिन्न जिलों से स्थानान्तरित कर राज्य के 4 मेडिकल कॉलेजों एसएमएस मेडिकल कॉलेज जयपुर, एसएन मेडिकल कॉलेज जोधपुर, पीबीएम अस्पताल बीकानेर एवं न्यू मेडिकल कॉलेज कोटा में लगवाई जा रही है।

इस मशीन द्वारा एक समय में अधिकतम 4 सैम्पल की जांच की जा सकती है। कोविड-19 की यह जांच आरटीपीसीआर ¼RTPCR½ Reverse Transcriptase Polymerase Chain Reaction पद्धित पर आधारित है।

चिकित्सा मंत्री ने बताया कि कोविड-19 के कारण टीबी रोगियों को दवा प्राप्त करने में हो रही असुविधा को दूर करने के लिए टीबी रोगियों की सहायतार्थ राज्य में प्रवास कर रहे सभी टीबी रोगियों (निजी एवं सरकारी) को एक माह की दवा एक साथ उपलब्ध कराई जाएगी।
टीबी कार्यक्रम में रजिस्टर्ड नहीं होने पर भी रोगी की यह दवा उपलब्ध कराई जाएगी। भारत के किसी भी राज्य में टीबी रोग का उपचार ले रहे एवं फिलहाल राज्य में रह रहे रोगियों को इसका सीधा लाभ मिलेगा।

SUPPORTING IMAGES